वार्षिकोत्सव में प्रतिभाओं का सम्मान

फुलेरा@ पत्रिका. स्थानीय रेल परिसर पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में मंगलवार को वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित हुआ।

समारोह की मुख्य अतिथि बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्या नविता वर्मा थी। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य नरेंद्र सिंह यादव ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मनमोहक प्रस्तुतियां दी। विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सामूहिक लोक नृत्य, योग व एरोबिक्स, राजस्थानी एवं पंजाबी सामूहिक नृत्य, आर्केस्ट्रा आदि प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर 12 वीं व 10 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए विधि माथुर, ज्योति पाराशर, बंशीधर वर्मा, श्रीराम शर्मा, मंजु सिंह, बंशीलाल, हरिसिंह गुर्जर, देवेन्द्र कुमावत, बृजेश कुमावत, बबीता तथा शिवांगी को खेल उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले कक्षा 10 के निर्भय कुमावत तथा कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में अभिनव कुमावत तथा कक्षा 12 कला वर्ग में कुमारी अर्शिया श्योराण को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

11/12/2024 | Dudu | Page : 20
Source : https://epaper.patrika.com/